# रोज़गार समाचार

## सप्ताह का प्रश्न

नेताजी सुभाष चंद्र बोस की अदम्य भावना और निस्वार्थ राष्ट्र सेवा के प्रति सम्मान और उनकी स्मृति में 23 जनवरी को नेताजी की जयंती, पराक्रम दिवस के रूप में मनाई जाती है. इस दिन का उद्देश्य देशवासियों, विशेषकर युवाओं को विपरीत परिस्थितियों में धैर्य रखने की प्रेरणा देना और उनमें देशभक्ति की भावना जगाना है. हमें बताइए कि नेताजी के जीवन का कौन सा पहलू आपको प्रेरित करता है?

अंग्रेज़ी/हिंदी/उर्दू में अपनी प्रविष्टियों को 01/02/2023 तक writetous.en@gmail.com पर भेजें, जो 200 से 250 शब्दों से अधिक नहीं हो. प्रविष्टियां भेजने वाले अपना नाम, उम्र, पूरा पता, ई-मेल आईडी और संपर्क नंबर का स्पष्ट उल्लेख करें. सर्वश्रेष्ठ प्रविष्टि को एम्प्लॉयमेंट न्यूज़/ रोज़गार समाचार (अंक दिनांक 11-17 फरवरी 2023) में प्रकाशित किया जाएगा और विजेता की इच्छा के अनुसार योजना/ कुरुक्षेत्र/ आजकल की प्रतियां तीन महीने तक नि:शुल्क भेजी जाएंगी.